# BIHAR SPONGE IRON LIMITED.

REGISTERED OFFICE & PLANT : UMESH NAGAR, CHANDIL-832401, DISTT. SARAIKELA - KHARSAWAN, JHARKHAND
PHONE (EPABX) : 06591-232410, 232417, Fax : 06591-232412
E-mail : bsilchandil@gmail.com / Web : bsil.org.in, CIN : L27106JH1982PLC001633

**BSIL/CS/SE/2019** **Dated: 14th November, 2019**

To,
The Manager
**BSE Limited**
25th Floor, P.J.Towers,
Dalal Street Mumbai-40000 1

**Scrip Code: 50058**

**Sub: Newspaper clippings of Publication of Un-Audited Financial results for the Quarter and half year ended 30.09.2019.**

**Dear Sir/Mam,**

Pursuant to the Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, Kindly find enclosed herewith the Newspaper Clippings of publication of Un-Audited Financial Results published in Financial Express (English) and Naya India (Hindi) on 14.11.2019.

This is for your information and record.

**Thanking you,**

For **BIHAR SPONGE IRON LTD.**

Sponge Iron Limited
Jharkhand

**HIMANI MITTAL**
**(COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER)**

**Encl: as above**

नया इंडिया

**दुनिया के सबसे बड़े कला संग्रहालय के बोर्ड में चुनी गयीं नीता अंबानी**

*न्यूयॉर्क, भाषा।* समाज सेवी और व्यवसायी नीता अंबानी को भारत की कला एवं संस्कृति को संरक्षित करने तथा उसका प्रचार करने में उनकी ''असाधारण'' प्रतिबद्धता के लिए 'द मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट' के बोर्ड में चुना गया है। दुनिया में सबसे बड़े और सबसे अधिक देखे जाने वाले कला संग्रहालयों में से एक इस संग्रहालय के अध्यक्ष डेनियल ब्रॉडस्की ने ऐलान किया कि अंबानी को इसका मानद न्यासी नामित किया गया है। बोर्ड में नीता अंबानी का स्वागत करते हुए ब्रॉडस्की ने कहा, '''द मेट' और भारत की कला एवं संस्कृति को संरक्षित करने तथा उसको बढ़ावा देने में उनकी प्रतिबद्धता सही मायने में असाधारण है।



## सार समाचार

### अफगानिस्तान में विदेशी सेना के वाहन में विस्फोट , सात मरे

**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान में विदेशी सेना के वाहन में बुधवार को हुए जोरदार विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गये। इस वाहन में विदेशी सैन्य कर्मी सवार थे। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत राहिमी ने ट्वीट करते हुए कहा कि गरदा वर्ल्ड नामक विदेशी सैनिकों की कंपनी को लेकर जा रहा यह वाहन इस बम की चपेट में आ गया और इसमें सात अफगानी सैनिक मारे गये और 10 अन्य जवान घायल हो गए। इनमें चार विदेशी जवान भी हैं। यह विस्फोट सुबह सवा सात बजे के आसपास हुआ और इसकी चपेट में वहां खड़े अन्य वाहन भी आ गये। अभी तक किसी भी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। राष्ट्रपति अशरफ गनी ने विस्फोट की निंदा करते हुए कहा यह मानवता के विरोध जघन्य अपराध है।

### गाजा में तत्काल हमला रोके इजरायल: फिलिस्तीन

**दमिश्क, स्पूतनिक।** फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने इजरायल से गाजा पट्टी पर हमले को शीघ्र रोकने को कहा है तथा संयुक्त राष्ट्र से मदद की गुहार लगायी है। शतयेह ने ट्वीटर पर लिखा, "इजरायल को तत्काल गाजा में हमारे लोगों पर हमले को रोकना चाहिए। हम संयुक्त राष्ट्र से हमारे नागरिकों की अंतराष्ट्रीय सुरक्षा मुहैया कराने की अपील करते हैं, जो वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में इजरायल की हिंसा का शिकार हो रहे हैं।"उल्लेखनीय है कि फिलिस्तानी आतंकवादी समूह इस्लामिक जिहाद के शीर्ष कमांडर बहा अबु अल अत्ता के इजरायल के हवाई हमले में मारे जाने के बाद मंगलवार को इजरायली सैनिकों और हमास के बीच मुठभेड़ हुई थी। बयालीस वर्षीय अत्ता सैकड़ों आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार था और इजरायल के खिलाफ हमला करने की योजना बना रहा था।

### इजरायल में हमले की साजिश रच रहा था अता: इजरायल

**तेल अवीव, स्पूतनिक।** गाजा पट्टी में इजरायली सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारा गया 'पैलेस्टिनियन इस्लामिक जिहाद' (पीआईजे) समूह का कमांडर बहा अबु अल अता आने वाले दिनों में बड़े हमले की साजिश रच रहा था। इजरायल डिफेंस फोर्सेंज (आईडीएफ) के प्रवक्ता जोनाथन कोनरिकस ने बताया कि अता देश में जल्द ही बड़ा हमला करने की तैयारी कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसके मारे जाने के बाद फिलीस्तीन सीमा पर अचानक हिंसा तेज हो गयी और फिलीस्तीन ने गाजा पट्टी से रॉकेट भी दागे। इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पीआईजे के ठिकानों पर संयमित हमले किये।

प्रवक्ता ने बताया कि पीआईजे कमांडर को मंगलवार तड़के चार बजे खत्म कर दिया गया। उसने पहले भी कई हमले किये थे और आने वाले दिनों में दूसरा हमला करने की साजिश रच रहा था। उन्होंने बताया कि अता को आतंकवादी हमलों का काफी अनुभव था और वह विभिन्न प्रकार के हथियारों और तकनीकों का इस्तेमाल कर हमले करता था।

# फ्रांस के राष्ट्रपति से मिले जयशंकर

### रणनीतिक मुद्दों पर हुई चर्चा।



**पेरिस ■ भाषा**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से मुलाकात की और महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों पर उनके साथ 'अच्छी' चर्चा की। दोनों नेताओं की मंगलवार को पेरिस शांति मंच में मुलाकात हुई ।

जयशंकर ने बैठक के बाद ट्वीट किया, ''पेरिस शांति मंच में इमैनुअल मैक्रों से मुलाकात हुई । महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों पर अच्छी चर्चा हुई।''

वर्ष 1998 में भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक भागीदारी स्थापित हुई थी। रक्षा, सुरक्षा सहयोग, अंतरिक्ष सहयोग और असैन्य परमाणु सहयोग रणनीतिक भागीदारी के महत्वपूर्ण घटक हैं । भारतीय वायु सेना ने पिछले महीने फ्रांस से 36 लड़ाकू विमानों की खेप से पहला राफेल लड़ाकू विमान ग्रहण किया था। पेरिस शांति मंच में जयशंकर ने अपने संबोधन के दौरान, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय रूप से राष्ट्रों द्वारा समन्वित कार्रवाई का आह्वान किया, ताकि आतंकवाद और चरमपंथ की ताकतों को डिजिटल क्षेत्र में उपस्थिति से रोका जा सके।

साइबरजगत में शासन के संबंध में जयशंकर ने कहा कि महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर साइबर हमलों सहित विशिष्ट सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए, देशों को जल्द कार्रवाई और इसका असर कम करने के लिए समझौता करने पर विचार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन जगत से आतंकवादी और हिंसक चरमपंथी विषयवस्तु को समाप्त करने के लिए भारत 'क्राइस्टचर्च कॉल' का समर्थन करता है । इसके तहत देशों को समान सोच वाले देशों के साथ काम करते हुए सुनिश्चित करना है कि डिजिटल जगत हमारी सुरक्षा के लिए खतरा बने बिना हमारे समाज और अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए काम करे ।

इस साल 15 मार्च को न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च शहर में आतंकवादी हमले में मुस्लिम समुदाय के 51 लोगों की मौत हो गयी थी। इस आतंकवादी घटना का इंटरनेट पर लाइव प्रसारण कर दिया गया था। इसी घटना के बाद 'क्राइस्टचर्च कॉल' कार्य योजना की शुरूआत की गयी। भारत ने ऑनलाइन जगत में आतंकवाद और चरमपंथी विषयवस्तु से मुकाबले और इंटरनेट को सुरक्षित बनाने के लिए फ्रांस, न्यूजीलैंड, कनाडा और कई अन्य देशों के साथ हाथ मिलाया है। जयशंकर ने कहा कि साइबर जगत को खुला, सुरक्षित बनाए रखने के लिए अगर वैश्विक नियमन ना भी तैयार हो तो कम से कम वैश्विक सहमति बनाने की जरूरत है । इसके लिए पहले से ज्यादा बहुपक्षीय होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े विकासशील देश के लिए डिजिटल जगत और इसकी प्रौद्योगिकी हमारे लोकतंत्र और विकास कार्यक्रमों में बड़ी भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े 1.2 अरब बायोमीट्रिक आधारित डिजिटल यूनिक पहचान पत्र कार्यक्रम, 1.2 अरब मोबाइल फोन कनेक्शन, एक अरब बैंक खाते, और 50 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट कनेक्शन ने बड़ा ढांचा तैयार किया है, जो शासन के साथ विकास को बढ़ावा दे रहा है।

उन्होंने कहा, ''हम अवसर से रोमांचित हैं लेकिन साइबर जगत के खतरों के बारे में चिंतित भी हैं । ''

## अनेज ने खुद को बोलीविया का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित किया

**ब्राजीलिया ■ स्पूतनिक**

बोलीविया सीनेट की सेकंड वाइस स्पीकर जीनिन अनेज ने संसद में सत्ता के हस्तांतरण पर मतदान के बिना खुद को देश का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित कर दिया है।

इससे पहले बोलीविया के पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस के इस्तीफे को औपचारिक तौर पर स्वीकार करने और सुश्री अनेज को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त करने के लिए मंगलवार को संसद की आपात बैठक आयोजित की गई हालांकि मूवमेंट फॉर सोशलिज्म (एमएएस) और मोरालेस पॉपुलिस्ट पार्टी के सांसदों ने इस बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। सुश्री अनेज ने खुद को राष्ट्रपति घोषित करते हुए कहा, "सविधान के अनुसार और सीनेट के अध्यक्ष के तौर पर मैं खुद को देश का राष्ट्रपति घोषित करती हूं और वादा करती हूं कि देश में शान्ति स्थापित करने के लिए हरसंभव प्रयास करूँगा।"

मोरालेस ने हालांकि सुश्री अनेज के खुद को राष्ट्रपति घोषित करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस मामले पर कहा, "देश के इतिहास में यह अब तक का सबसे विनाशकारी फैसला है। एक तख्तापलट करने वाली दक्षिणपंथी सांसद खुद को सीनेट का अध्यक्ष बताती है और बिना सांसदों के अनुमोदन के खुद को देश का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित कर देती है।" मोरालेस ने कहा, "मैं अंतराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष बताना चाहता हूं कि सुश्री अनेज ने बोलीविया के संविधान का उल्लघन कर खुद कर देश का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित कर दिया है जो निंदनीय है।" गौरतलब है कि बोलीविया में चल रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच श्री मोरालेस और उपराष्ट्रपति अलवारो गार्सिया लिनेरा ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। मोरालेस और श्री लिनेरा ने सेना के कमांडर विलियम कालिमा के आग्रह पर हिंसा के बीच इस्तीफा देने की घोषणा की थी।

## अमेरिका ने बोलीविया में रह रहे कर्मचारियों को स्वदेश बुलाया

**वाशिंगटन ■ स्पूतनिक**

बोलीविया में चुनावों में धांधली के आरोप को लेकर हो रहे हिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए अमेरिका ने वहां रह रहे अपने कर्मचारियों और उनके परिजनों को स्वदेश लौटने का आदेश दिया है तथा बोलीविया को 'यात्रा नहीं करने' संबंधी देशों की सूची में डाल दिया है।

विदेश विभाग ने मंगलवार को जारी एक यात्रा परामर्श में कहा, "विभाग ने बोलीविया में राजनीतिक उथल पुथल को लेकर हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए सभी सरकारी कर्मचारी और उनके परिजनों को स्वदेश लौटने के आदेश दिये है। अमेरिका सरकार के पास बोलीविया में अमेरिकी नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षा देने की क्षमता बेहद कम है।"

विभाग ने इस परामर्श को यात्रा नहीं करने संबंधी श्रेणी-4 में रखा है और नागरिकों के लिए बोलीविया की यात्रा नहीं करने संबंधी चेतावनी भी जारी की है।

विभाग ने परामर्श जारी करने की वजह बताते हुए कहा कि बोलीविया के प्रमुख शहरों में प्रदर्शनकारी सड़कों और संस्थानों को बंद कर रहे है जिसकी वजह से परिचालन, बैंक तथा अन्य व्यवस्थाएं भी ठप हो गयी है। कई जगह पर हिंसक प्रदर्शन भी हुआ है जिन पर काबू पाने के लिए सुरक्षा बलों का इस्तेमाल किया गया है। गौरतलब है कि बोलीविया में चल रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच देश के राष्ट्रपति इवो मोरालेस और उपराष्ट्रपति अलवारो गार्सिया लिनेरा ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। श्री मोरालेस और श्री लिनेरा ने सेना के कमांडर विलियम कालिमा के आग्रह पर हिंसा के बीच इस्तीफा देने की घोषणा की।

## न्यूजीलैंड में इच्छा मृत्यु विधेयक पास

**वेलिंग्टन, एपी ।** न्यूजीलैंड में सांसदों ने इच्छा मृत्यु को कानूनी मान्यता प्रदान करने के लिए बुधवार को संबंधित विधेयक के पक्ष में मतदान किया। इस विधेयक पर पिछले दो साल से चर्चा चल रही थी।

बहरहाल, इस विधेयक पर अंतिम फैसला मतदाताओं को करना है। वे अगले साल एक जनमत संग्रह के जरिए इस विधेयक को मंजूरी प्रदान करेंगे। उसके बाद ही यह कानून के रूप में प्रभावी हो सकेगा। इस विषय पर हुए सर्वेक्षणों में संकेत मिले हैं कि बहुमत इस विधेयक के समर्थन में रहेगा।

बुधवार को इस विधेयक को 51के मुकाबले 69 मतों से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित किए जाने के समय संसद की दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने तालियां बजाकर इसका स्वागत किया।

यह विधेयक उन्हीं लोगों पर लागू होगा जो लंबे समय से लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं या जिनके अगले छह महीने में मरने की संभावना है।

## जाधव को अपील इजाजत देने के लिये पाकिस्तान आर्मी एक्ट में करेगा संशोधन

**इस्लामाबाद ■ वार्ता**

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले की अनुपालना में भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को सैन्य अदालत में अपील की अनुमति देने के लिए पाकिस्तान अपने सैन्य कानून में बदलाव कर रहा है। एआरवाई न्यूज ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

जाधव पर पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने मुकदमा चलाया था और जासूसी के आरोप में उसे मौत की सजा सुनाई थी लेकिन मौजूदा कानूनों के तहत उसे अपील की अनुमति नहीं है। जाधव (49) को जासूसी करने तथा आतंकवादी गातिविधियों में लिप्त रहने के आरोप में 2017 में मौत की सजा सुनाई गई थी।

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इस वर्ष जुलाई में भारत के उस दावे को बरकरार रखा था जिसमें कहा गया था कि जाधव को भारतीय अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं देकर पाकिस्तान ने विएना संधि की शर्तों का उल्लंघन किया है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने पाकिस्तान को आदेश दिया था कि वह जाधव को दोषी ठहराने के फैसले की प्रभावी



समीक्षा करे और इस पर पुनर्विचार करे।

पाकिस्तान का दावा है सुरक्षा बलों ने जाधव को ब्लूचिस्तान से गिरफ्तार किया था। भारत सरकार ने हालांकि जासूसी करने के पाकिस्तान के इन दावों को खारिज किया है और कहा है कि जब वह ईरान में एक कारोबारी भ्रमण पर जा रहे थे तो पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उनका अपहरण कर लिया था। जाधव भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी हैं।



# शेयर बाजार में 229 अंक की गिरावट

**मुंबई ■ वार्ता**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाजार में रही गिरावट के साथ ही घरेलू स्तर पर कमजोर औद्योगिक प्रदर्शन से बनी नकारात्मकधारणा के कारण हुयी बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार लुढ़क गया। बीएसई का सेंसेक्स 229 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73 अंक उतर गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 229.02 अंक गिरकर 40116.06 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 73 अंक उतरकर 11840.45 अंक पर रहा। बीएसई में छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली का दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 0.77 प्रतिशत उतरकर 14660.03 अंक पर और स्मॉलकैप 1.13 प्रतिशत गिरकर 13344.69 अंक पर रहा।



बीएसई में अधिकांश समूह गिरावट में रहे जिसमें घातु में 2.29 प्रतिशत, रियलटी 1.99 प्रतिशत, बैंकिंग 1.91 प्रतिशत और बेसिक मटेरियल्स 1.60 प्रतिशत शामिल है। बढ़त में रहने वालों में एनर्जी 1.60 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 2938 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1613 गिरावट में रहे जबकि 957 बढ़त में और 168 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर लगभग सभी प्रमुख बाजार गिरावट में रहे। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.54 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.89 प्रतिशत, जापान का निक्की 0.85 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.82 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.86 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.33 प्रतिशत शामिल है। सेंसेक्स सुबह में लगभग सपाट 40346.43 अंक पर खुला। शुरूआती सत्र में ही लिवाली के बल पर यह 40447.17 अंक के उच्चतम स्तर तक गया लेकिन इसी दौरान वैश्विक स्तर के नकारात्मक संकेतों के कारण शुरू हुयी बिकवाली से यह 40061.23 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। अंत में यह पिछले दिवस के 40345.08 अंक की तुलना में 229.02 अंक अर्थात 0.57 प्रतिशत गिरकर 40116.06 अंक पर रहा।

## 5 दिन बाद लगा पेट्रोल की महंगाई पर ब्रेक

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** पेट्रोल के दाम में लगातार पांच दिनों से जारी वृद्धि पर बुधवार को ब्रेक लग गया और डीजल की कीमत में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में भी नरमी बनी हुई थी। एक दिन पहले मंगलवार को तेल विपणन कंपनियों ने दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में 10 पैसे जबकि कोलकाता में नौ पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की थी। हालांकि डीजल के दाम में छह पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई थी। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बिना किसी बदलाव के क्रमशः 73.30 रुपये, 76.00 रुपये, 78.97 रुपये और 76.18 रुपये प्रति लीटर बने रहे। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 65.79 रुपये, 68.20 रुपये, 69.01 रुपये और 69.54 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं।

### बिजनेस सुर्खियां

## भीम यूपीआई का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार सिंगापुर में 'प्रदर्शन'

**सिंगापुर, भाषा।** भुगतान सुविधा उपलब्ध कराने वाले मंच भीम यूपीआई की क्यूआर आधारित भुगतान व्यवस्था का बुधवार को सिंगापुर में पायलट आधार पर प्रदर्शन शुरू किया गया। 'सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल' 2019 में एक मर्चेंट टर्मिनल पर लेनदेन के जरिये भीम यूपीआई का प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन इस महोत्सव के दौरान जारी रहेगा और 15 नवंबर को बंद होगा। क्यूआर आधारित प्रणाली के जरिये भीम एप के साथ कोई भी नेट्स टर्मिनल पर एसजीक्यूआर कोड को स्कैन कर सिंगापुर में भुगतान कर सकता है। सिंगापुर में भारतीय उच्चायुक्त जावेद अशरफ ने कहा कि यह पहला मौका है जबकि भीम एप अंतरराष्ट्रीय हुआ है। उन्होंने भीम एप के 'लाइव डेमो' की शुरुआत की। इस परियोजना का नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन आफ इंडिया (एनपीसीआई) तथा सिंगापुर के नेटवर्क फॉर इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर्स (नेट्स) ने संयुक्त रूप से विकास किया है।

## जावड़ेकर ने भारी उद्योग एवं लोक उपक्रम मंत्रालय का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली, भाषा।** केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बुधवार को भारी उद्योग एवं लोक उपक्रम मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। दो दिन पहले ही शिवसेना नेता अरविंद सावंत ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद जावड़ेकर को इस मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया। जावड़ेकर के पास पहले से सूचना एवं प्रसारण, पर्यावरण तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भी हैं। जावड़ेकर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह अतिरिक्त प्रभार अस्थायी अवधि के लिए होगा। इसके लिए जल्द नियमित व्यवस्था हो जाएगी। जावड़ेकर ने कहा, ''मैंने भारी उद्योग और संबंधित मंत्रालयों का प्रभार संभाल लिया है। मुझे उम्मीद है कि यह अस्थायी व्यवस्था होगी। लेकिन मुझे कहा गया तो मैंने कार्यभार संभाल लिया है और मैं आज से ही कामकाज करना शुरू कर दूंगा।''

## सोना 110 रुपये चमका, चांदी 300 रुपये उछली

**नई दिल्ली, वार्ता।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी के बल पर दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 110 रुपये चमककर 39,430 रुपये प्रति दस ग्राम पर और चाँदी 300 रुपये की बढ़त लेकर 45,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कम कीमत पर लिवाली का रूख बना हुआ है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती की वजह से निवेशक कम कीमत पर सोने में निवेश कर रहे हैं। लंदन एवं न्यूयॉक से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर आज 5.65 डॉलर चढ़कर 1,463.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया।

## कंपनी सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**जयपुर, भाषा।** कंपनी सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन 14 नवंबर से जयपुर में होगा जिसमें देश भर से 2000 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के अध्यक्ष रंजीत पांडेय ने बुधवार को बताया कि कंपनी सचिवों का तीन दिवसीय 47वां राष्ट्रीय सम्मेलन यहां 14 से 16 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में देश भर के कंपनी सचिव विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे। इस सम्मेलन की थीम 'एम्पावरिंग न्यू इंडिया-रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' रखी गयी है और इसमें देश भर के 2000 कंपनी सचिवों व इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के भाग लेने की संभावना है।

**ईईपीसी इंडिया ने कहा**

## इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 6 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली ■ भाषा**

देश का इंजीनियरिंग निर्यात सितंबर महीने में 6 प्रतिशत से अधिक घटकर 6.36 अरब डॉलर रहा। यह लगातार चौथा महीना है जब निर्यात में गिरावट दर्ज की गयी। इससे पूर्व वित्त वर्ष के इसी महीने में यह 6.77 अरब डॉलर था। ईईपीसी इंडिया ने बुधवार को यह कहा। देश का इंजीनियरिंग निर्यात का देश के कुल निर्यात में योगदान 25 प्रतिशत है।

इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद (ईईपीसी) के अनुसार वैश्विक स्तर पर नरमी का इंजीनियरिंग निर्यात पर स्पष्ट प्रभाव दिख रहा है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया या स्वतंत्र राष्ट्रकुल देशों समेत सभी प्रमुख निर्यात गंतव्यों से क्षेत्र



को झटका लग रहा है। इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात सितंबर महीने में 6 प्रतिशत घटा। यह लगातार चौथा महीना है जब इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आयी है। वहीं चालू वित्त वर्ष 2019-20 में यह पांचवा मौका है जब इसमें गिरावट दर्ज की गयी।

ईईपीसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सितंबर महीने में भारतीय इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 6.36 अरब डॉलर रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष के इसी महीने में 6.77 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2019-20 के अप्रैल-सितंबर के दौरान इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 3.77 प्रतिशत घटकर 38.74 अरब डॉलर रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष की इसी अवधि में 40.26 अरब डॉलर था। परिषद के चेयरमैन रवि सहगल ने कहा, ''ज्यादातर बाजारों के आंकड़े से नरमी के संकेत मिलते हैं। इस भारतीय निर्यातकों के लिये बड़ी चुनौती है। सभी प्रमुख पक्षों...निर्यातक समुदाय, सरकार, आरबीआई तथा नीति आयोग को निर्यात को गति देने के लिये साथ मिलकर काम करने और नये सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत है।''

## राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स सम्मेलन दिल्ली में

**नयी दिल्ली, वार्ता।** दिव्यांगों को उनके कौशल का प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिव्यांगता पर दो दिवसीय छठी राष्ट्रीय परिषद और राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स 2019 का 15 नवंबर से राजधानी में आयोजन किया जा रहा है। इसके आयोजक नेशनल एबिलिम्पिक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनएएआई) सार्थक शैक्षणिक ट्रस्ट के सहयोग से इसका आयोजन कर रहा है। इस वर्ष चार क्षेत्रीय एबिलिम्पिक्स के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर इसका आयोजन किया जा रहा है। आयोजक के अनुसार इस सम्मेलन का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत शुभारंभ करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से 50 से ज़्यादा दिव्यांग भाग लेंगे और उनमें से चयनित दिव्यांग वर्ष 2020-21 में रूस में होनेवाले अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## हिमालया ड्रग कंपनी ने लाँच किया क्विस्टा किडज

**नई दिल्ली, वार्ता।** हबर्ल एवं आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली हिमालया ड्रग कंपनी ने 3 साल से 10 साल के बच्चों के लिए क्विस्टा किड्ज लॉंच करने की घोषणा की। कंपनी ने बुधवार को यहां जारी बयान में कहा कि यह बच्चों की वृद्धि में मदद करता है। रोगों से लड़ने के लिए उनकी रोग प्रतिरोधक शक्ति को मजबूत बनाता है तथा उनकी स्मरण शक्ति को बढ़ाता है। इसमें मिल्क प्रोटीन, मिनरल्स एवं विटामिन है। उसने कहा कि आज हर्बल उत्पादों को बहुत अच्छी तरह से स्वीकार किया जा रहा है। लोग अपने दैनिक आहार एवं जीवनशैली में हर्बल उत्पादों को शामिल करने का महत्व समझने लगे हैं। क्विस्टा किड्ज वैज्ञानिक शोध एवं जड़ी बूटियों पर आधारित है जो बच्चों की न्यूट्रिशन की जरूरतों को पूरा करता है।

## डॉलर के मुकाबले 2 महीने के निचले स्तर पर रुपया

**नई दिल्ली, आईएएनएस।** देश के शेयर बाजार में तेजी के बावजूद देसी करेंसी रुपये की चाल सुस्त पड़ गई है। डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को पिछले सत्र से 29 पैसे की कमजोरी के साथ 71.75 रुपये प्रति डॉलर पर खुला जोकि करीब दो महीने के निचले स्तर पर चला गया।

**बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड**

सीआईएनः L27106JH1982PLC001633

**पंजी. कार्यालय :** उमेश नगर, चांडिल जिला सरायकेला खरसावां, झारखंड-832401

**ई-मेल :** companysecretary@bsil.org.in / **वेबसाइट :** www.bsil.org.in

**30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही ओर छमाही हेतु पृथक्कृत अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2019 (अ-लेखापरीक्षित) | छमाही समाप्त 30.09.2019 (अ-लेखापरीक्षित) | तमाही समाप्त 30.09.2018 (अ-लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 144.68 | 319.26 | 247.57 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, असाधारण मदों से पहले) | (20.45) | 0.03 | 62.02 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | (3.97) | (6.65) | 0.42 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) कर पश्चात (असाधारण मदों के बाद) | (3.97) | (6.65) | 0.42 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [ अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है ] | (3.97) | (6.65) | 0.42 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 902,054 | 902,054 | 902,054 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रु 10/- प्रत्येक) (निरंतर और बंद किए गए आपरेशनों के लिए) | | | |
| | क. मूल (रु. में) | 0.00 | (0.01) | 0.00 |
| | ख. तनुकृत (रु. में) | 0.00 | (0.01) | 0.00 |

**नोट :**

उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही ओर छमाही हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का सारकित रुप हैं 30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही ओर छमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारुप स्टॉक एक्सचेन्ज की वबेसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइटः www.bsil.org.in पर उपलब्ध हैं।

उपरोक्त परिणाम भारतीय लेखा मानक (इंडस्ट्रीज़ एएस) के अनुसार जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित है कंपनियों के नियम 3 (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) (संशोधन) के साथ पढ़ें।

वास्ते बिहार स्पोन्ज आयरन लिमिटेड
हस्ता./-
आर.के. अग्रवाल
निदेशक
(डीआईएन : 00298252)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 13 नवंबर, 2019